प्रादेशिक समाचार

दिनांक–06.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

भारतीय सेना के पूर्वी कमान की ओर से राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में पहली बार सशक्त सेना–समृद्ध भारत प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उदघाटन किया। इस मौके पर राज्यपाल ने राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा और समर्पण के लिए सैन्य बलों की प्रशंसा की। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रक्षा के क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने कहा कि सशक्त सेना–समृद्ध भारत प्रदर्शनी युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक जागृत करेगा।

****

दिल्ली स्थित एडजुडिकेटिंग ऑथरिटी ने राज्य के पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव के पारिवारिक सदस्यों के नकद जमा वाले 15 खातों को फ्रीज रखने का आदेश दिया है। इनमें उनकी पुत्री और बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद का खाता भी शामिल है। इन खातों में कुल 12 करोड़ 24 लाख रूपये जमा हैं। ईडी द्वारा दायर ओरिजनल एप्लिकेशन पर सभी पक्षों को सुनने के बाद अथॉरिटी ने यह आदेश दिया है। इडी ने अंबा प्रसाद और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान जब्त दस्तावेज, बैंक खातों सहित अन्य सामग्रियों को अपने पास रखने के लिए एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी में आवेदन दिया था।

****

गिरिडीह में कई वर्षों से बंद ओपनकास्ट कोलियरी के खुलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। गौरतलब है कि जिस भूमि पर सीसीएल द्वारा कोयले का खनन किया जा रहा था, उस पर वन विभाग ने मालिकाना हक जता दिया था। इसके बाद इस कोलियरी को बंद करना पड़ा था। राज्य सभा सांसद सरफराज अहमद ने बताया कि जांच में यह बात प्रमाणित हो गयी है कि भूमि वन विभाग की नहीं है। इसके साथ ही जिला प्रशासन की ओर से इसे पुनः खोलने की पहल शुरु कर दी गयी है।

****

धनबाद–कोयंबटूर स्पेशल ट्रेन अप एंड डाउन के परिचालन को पुनर्बहाल कर दिया गया ळें दक्षिण मध्य रेलवे में सिकंदराबाद मंडल के काजीपेट स्टेशन पर जारी नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के कारण धनबाद से चलने वाली ट्रेन को 11 सितंबर से दो अक्तूबर तक और कोयंबटूर से खुलने वाली ट्रेन को 14 सितंबर से पांच अक्तूबर तक निरस्त कर दिया गया था।

****

जमशेदपुर ट्रक ट्रेलर ओनर एसोसिएशन ने किराया वृद्धि की मांग को लेकर 13 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। संगठन के अध्यक्ष जसबीर सिंह सीरे ने बताया कि हड़ताल के दौरान बंगाल, ओड़िशा और झारखंड में चक्का जाम किया जायेगा।

****

कोडरमा जिले के नवलशाही में एक दर्दनाक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता हैं कि नवलशाही थाना क्षेत्र के ताराटांड़ के रहने वाली एक महिला घरेलू विवाद को लेकर अपने भतीजे के साथ मोटरसाइकिल से नवलशाही थाना पहुँची थी, जहाँ थाना में आवेदन देकर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान थाना से बाहर निकलते ही महिला और उसके भतीजे को एक तेज़ रफ़्तार ट्रैक्टर ने रौंद डाला और घटना स्थल पर ही दोनों की

मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने कोडरमा–गिरिडीह रोड को जाम कर दिया।

****

लातेहार जिले में कार्यशाला आयोजित कर मिट्‌टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए जैविक खेती जानकारी दी गयी। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर विभाग द्वारा येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दवाब से बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर राज्य में देखने को मिलेगा। इस दौरान पलामू, गढ़वा और चतरा समेत पूरा दक्षिणी–पश्चिमी भाग के प्रभावित रहने की संभावना है।

****